# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

## ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के टेंडर के विरोध अगले सप्ताह में आन्दोलन तेज

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 4 फरवरी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आज केस्को मे बिजलीघर गेट पर बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने कहा है कि यदि ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने का टेंडर निरस्त न किया गया तो अगले सप्ताह आन्दोलन तेज किया जाएगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संविदा कर्मियों को निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करने हेतु बड़े पैमाने पर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबन्धन की योजना के तहत संविदा का कांट्रेक्ट समाप्त होने पर हर जगह 20 प्रतिशत छंटनी करने का आदेश है। इस तरह एक साल में ही संविदा कर्मियों की संख्या 40 प्रतिशत तक घटा दी जाएगी। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 15236 नियमित और 27000 संविदा कर्मी हैं। इसी प्रकार दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 8582 नियमित कर्मचारी हैं और 23000 संविदा कर्मी हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 853 अभियन्ता और 1241 जूनियर इंजीनियर कार्य कर रहे हैं। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 666 अभियन्ता और 913 जूनियर इंजीनियर कार्य कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करने हेतु लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों को हटाया जाना है। निजीकरण के बाद अन्य कर्मचारियों के 23818 पद समाप्त हो जाएंगे, जूनियर इंजीनियर संवर्ग के 2154 पद समाप्त हो जाएंगे और अभियन्ता संवर्ग के 1519 पद समाप्त होने जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रबंधन ने नियमित कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं को बड़े पैमाने पर जबरिया सेवा निवृत्ति देने की योजना बनाई है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि कर्मचारियों के बीच भय का वातावरण बनाकर निजीकरण करने की योजना कामयाब नहीं होने दी जाएगी। संघर्ष समिति व्यापक आन्दोलन की तैयारी कर रही है।सभा को सर्व श्री भगवान मिश्रा, इंजी.सतीश चंद, आरिफ बेग, कपिल मुनि प्रकाश, गौरव दीक्षित, विष्णु अवतार पांडेय, हशमत उल्ला खान, शिव शंकर, के.के.अवस्थी, आदर्श सिंह, ओम प्रकाश, अहमद, विनोद आदि ने संबोधित किया।



प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

# 230 करोड़ की लागत से मकड़ीखेड़ा का खत्म होगा जलभराव

## महापौर ने15 वें वित्त आयोग के तहत डीएम,केडीए वीसी,नगर आयुक्त के साथ की बैठक

कानपुर 4 फरवरी। बारिश के दौरान मकड़ीखेड़ा में होने वाले भीषण जलभराव की समस्या से जल्द ही निजात मिलेगी। इसको लेकर नगर निगम में 15वें वित्त आयोग के तहत हुई बैठक में प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया है। महापौर प्रमिला पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल व नगर आयुक्त सुधीर कुमार समेत अन्य अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान मकड़ीखेड़ा में हर साल होने वाले भीषण जलभराव की समस्या को रखा गया। इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया और तय हुआ कि यहॉ पर नाले का निर्माण किया जाएगा। साथ ही गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी का प्रयास भी रंग लाया। बैठक में तय किया गया कि सीटीआई नहर घाट पर छठ पूजा का महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नहर के पानी की स्वज्छता को ध्यान में रखते हुए सीटीआई नहर को 7 करोड़ रूपये की लागत से पक्का करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा बैठक में जिन प्रस्तावों का अनुमोदन हुआ है। उसमें 30 करोड़ रूपये से पार्कों का रखरखाव और वृक्षारोपण किया जाएगा। 40 करोड़ रूपये जलनिगम को दिए जाएंगे। जिससे कि जेएनएनयूआरएम योजना में बिछाई गई पाइप लाइनों में जो गैप है,उसे भरा जा सके। 30 करोड़ रूपये जलकल विभाग को देने पर सहमति बनी है। जो नाले टैप नहीं किए जा सके है, उसमें 5 करोड़ रूपये की लागत से बायोरेमेडिएशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए 10 करोड़ रूपये की धनराशि रखी गई है। साथ ही 15वें वित्त आयोग की धनराशि से सड़क निर्माण के भी कार्य होंगे।


डीएम व नगर आयुक्त के साथ बैठक करती महापौर प्रमिला पाण्डेय


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./03/2025 दि. 03.02.2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:– **क्रम सं. : 1. कार्य का नाम :** इज्जतनगर मंडल के रेलवे स्टेशन और सर्विस बिल्डिंग पर ऑन–ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। **विवरण : अनुमानित लागत रु. में :** 5,78,94,220.65 **धरोहर राशि रु. में :** 4,39,500.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में : शून्य **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 25.02.2025 15.00 बजे तक **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** छः माह • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास ||| डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/**
**मुजाधि/विद्युत–233** **इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**


# कचहरी मार्ग पर जाम को लेकर वन-वे लागू करने की मांग पर वकीलों ने दिया ज्ञापन

कानपुर,4 फरवरी। चेतना चौराहे से पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक जाम को लेकर मंगलवार को वकीलों ने पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व लॉयर्स अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने कहा कि मार्ग पर पूर्व की तरह वन-वे प्रणाली लागू की जाए। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से निराकरण करने का आश्वासन दिया। शहर के व्यस्ततम इलाकों में शुमार चेतना चौराहे से लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक रोजाना कई-कई घंटों तक लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जाम के कारण कानपुर कोर्ट आने वाले वादकारियों के साथ ही अधिकारियों व अधिवक्ताओं को भी जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। वहीं कानपुर कोर्ट के आसपास जाम न लगे, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से चेतना चौराहे से पुलिस कमिश्नर ऑफिस तक वन-वे व्यवस्था को भी लागू किया गया था। लेकिन कुछ ही दिनों बाद हालत जस की तस हो गई। इस दौरान उन्होंने पुलिस कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह को सौंप वन-वे व्यवस्था लागू कराए जाने की मांग की। सड़क पर वाहनों के खड़े होने की बात को लेकर रवींद्र शर्मा ने कहा कि पार्किंग का निर्माण हो रहा है। साथ ही अंडरग्राउंड पार्किंग के लिए भी अधिकारियों से बात की जाएगी।

# मकनपुर मेला में चाय की दुकान में लगी आग

अरौल मकनपुर, 4 फरवरी। मेला मकनपुर में तैनात दमकल दस्ते ने आनन-फानन एक बार फिर अरौल पहुंच कर एक गुमटी में लगी आग बुझाई। अरौल में अलीगढ़-कानपुर हाईवे के सर्विस रोड पर रखी एक चाय व नमकीन की दुकान में लग गई थी। फायरमैन गौरव कुमार ने बताया कि आग छोटा गैस सिलेंडर लीक होने से लगी थी, जिससे गुमटी में रखा सामान जल गया था। दमकल प्रभारी आदित्य त्रिपाठी ने बताया कि उनके निर्देशन में इस आग को बुझाने में ड्राइवर जवाहर सिंहए, फायरमैन गौरव कुमार, मोहम्मद दानिश, कमल सिंह व संदीप कुमार शामिल रहे। बताया जाता है कि अरौल कस्बा चौकी पुलिस तथा यूपिडा कर्मचारियों की मिलीभगत से सर्विस रोडों पर ही नहीं बल्कि हाईवे के किनारे भी कुछ दुकानें अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखी गई हैं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई निविदा संख्याः** सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट-576 **दिनांकः** 31.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें आन लाइन ( ई टेंडरिंग) निर्धारित प्रपत्र पर आमन्त्रित की जाती हैं।

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में स्टेशनों (यानी लूसा, खैराही और सोनभद्रा) पर पूर्ण सिग्नलिंग और टेलीकॉम इनडोर और आउटडोर कार्यों के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की आपूर्ति, डिजाइनिंग, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और चुनार-चोपन डबल लाइन के संबंध में कर्मा और पसाहिकला स्टेशन पर मौजूदा ईआई में बदलाव।

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 300634021.82 (तीस करोड़ छह लाख चौंतीस हजार इक्कीस और बयासी पैसे मात्र)। **धरोहर राशिः** ₹ 1653200.00 (रु. सोलह लाख तिरपन हजार दो सौ मात्र)। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 11 माह। **निविदा जमा होने की अन्तिम तिथिः** 24.02.2025 समय 15:00 बजे तक जमा होगा। **निविदा खुलने की तिथिः** **24.02.2025 समय 15:30 बजे** खुलेगा।

निविदा संबंधी पूर्ण जानकारी हेतु भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें।
**215/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड**
JK URBANSCAPES
(पूर्व में जे.के. कॉटन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
सीआईएन: U17111UP1924PLC000275
फ़ोन: +011-40823322, ईमेल: swati.srivastava@jkorg.co.in
वेबसाइट: www.jkurbanscapes.com
पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय: कमला टावर, कानपुर-208001 उत्तर प्रदेश

**पोस्टल बैलेट नोटिस**

जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013, ("अधिनियम") की धारा 108 और धारा 110 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के साथ, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी ("एमसीए परिपत्र"), सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, संख्या 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, संख्या 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, संख्या 39/2020, 31 दिसंबर, 2020, संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 23 जून 2021, संख्या 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर 2021, संख्या 03/2022 दिनांक 5 मई 2022, संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर 2023 और संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर 2024 और अन्य लागू प्रावधान, जिसमें वर्तमान में लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुन: अधिनियमन शामिल है, कंपनी पोस्टल बैलट प्रक्रिया (रिमोट ई-वोटिंग) के माध्यम से सदस्यों का अनुमोदन मांगेगी जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के साथ पठित धारा 102 के प्रावधानों के तहत आवश्यक व्याख्यात्मक कथन के साथ 01 फरवरी 2025 के पोस्टल बैलट नोटिस में निर्दिष्ट प्रस्ताव के संबंध में है।

उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसार, पोस्टल बैलेट की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनके ई-मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') या कंपनी या कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') अर्थात अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं। ये दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jkurbanscapes.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कंपनी अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करेगी ताकि वे पोस्टल बैलेट की सूचना में निर्धारित प्रस्ताव पर अपना वोट डाल सकें। कंपनी ने सदस्यों को यह सुविधा प्रदान करने के लिए सीडीएसएल की सेवाएँ ली हैं। इस संबंध में विस्तृत निर्देश पोस्टल बैलेट की सूचना का हिस्सा होंगे।

जिन सदस्यों के ई-मेल पते डीपी या कंपनी या आरटीए के पास पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करके अपने ई-मेल पते पंजीकृत कराएं:

1. **भौतिक शेयरधारकों के लिए-** कृपया आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (सामने और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति) क्रमशः कंपनी/आरटीए ईमेल आईडी swati.srivastava@jkorg.co.in या rta@alankit.com पर ईमेल द्वारा प्रदान करें।
2. **डीमैट शेयरधारकों के लिए -** कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के साथ अपना ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपडेट करें, जो रिमोट ई-वोटिंग के दौरान अनिवार्य है।

**बोर्ड की आज्ञानुसार**
**हस्ता/-**
**स्वाति श्रीवास्तव**
**कंपनी सचिव**
**(सदस्यता संख्या: 48654)**

**स्थान: कानपुर**
**दिनांक: 04.02.2025**


# रिक्त ग्राम पंचायत सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

कानपुर,4 फरवरी। रिक्त ग्राम पंचायत व ग्राम प्रधान की सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 8 फरवरी, मतदान 19 व मतगणना 21 फरवरी को होगी। नामांकन सुबह 10 से 4 बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच 10 फरवरी, नाम वापसी 11 फरवरी को 10 से 3 बजे और इसी दिन चुनाव चिह्न आवंटन 3 बजे से होगा। मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक और मतगणना सुबह आठ बजे से होगी। नामांकन व नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी, चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर होगी। इस अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों पर संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय पर काम होंगे। विकास खंड ककवन में ककवन व कसिगवां, कल्याणपुर में रौतेपुर, घाटमपुर में स्योंदी ललईपुर, धरछछुवा, कोरिया और चौबेपुर में मरियानी, बिल्हौर में बकोठी, ऊधौ निवादा व निवादा शाह, बिधनू में कठारा, शिवराजपुर में नदीहा बुजुर्ग, सरसौल में महोली व महाराजपुर में ग्राम पंचायत सदस्य की सीटों पर उप चुनाव होगा। पतारा में ग्राम पंचायत रतनपुर में प्रधान पद पर उप चुनाव होगा।

# 100 प्रतिशत एफडीआई के होंगे गम्भीर परिणाम

## बीमा कर्मियों ने सभा कर निर्णय की निंदा की

कानपुर, 4 फरवरी। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वर्तमान सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का निर्णय अनुचित है। इस निर्णय के गम्भीर परिणाम होंगे। ऑल इंडिया इंश्योरेंस इम्प्लाइज एसोसिएशन (एआईआईईए) की निर्णय की निंदा करता है। यह बातें केडीआईईए के बैनर तले एलआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वार पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए एनसीजेडआईईएफ के महामंत्री रजीव निगम ने कहीं। उन्होंने बताया कि कुल बीमा में एफडीआई द्वारा पूंजी का निवेश लगभग 32 प्रतिशत है। इसके बावजूद यह आश्चर्यजनक है कि सरकार ने एफडीआई को भारत में 100 प्रतिशत निवेश की आजादी देने का कदम उठाया है। इस निर्णय का देश की कम्पनियों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर गम्भीर परिणाम होंगे यदि वर्तमान बीमा कम्पनियों के विदेशी साझीदार अलग कम्पनी बनाने का फैसला करते है। एआईआईईए बीमा क्षेत्र में इस कदम को वापस लेने की मांग करती है। साथ ही सरकार बीमा कानून जैसे बीमा अधिनियम 1938, एआईसी अधिनियम 1956 और आईआरडीए अधिनियम 1999 में संशोधन करने के प्रतिगामी प्रस्ताव के खिलाफ और एफडीआई पर प्रस्ताव संसद से पास किया गया तो देशभर के बीमाकर्मी हड़ताल पर जायेंगे। सभा में मनोज कुमार, अमित मिश्रा, अरुण तिवारी, राकेश कनौजिया, दीपक यादव, संजय श्रीवास्तव, चेतन निगम, मनीष श्रीवास्तव, रुबी निगम, प्रतिभा मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, ओपी श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।


सभा को सम्बोधित करते वक्ता।

**प्रस्ताव संसद में पास हुआ तो करेंगे हड़ताल**


**HDFC BANK** We understand your world **AUCTION SALE NOTICE**

The borrowers, in particular, and the public, in general, are hereby notified that public auction of gold ornaments / security pledged in the below accounts is proposed to be conducted. The auction is of the gold ornaments / security of borrowers who have defaulted to pay, as per the terms of Loan Agreement signed & accepted by them, despite notices by HDFC Bank Limited (the "Bank") to clear the loan dues. The Bank had also issued a notice to the borrowers whereby, 7 days' time was given to repay the entire outstanding dues in the below accounts, failing which Bank would be at liberty to auction the entire pledged gold security without issuing further notice. The borrowers have neglected and failed to make payment, therefore, Bank in exercise of its rights under the loan agreement as a pledgee has decided to enforce the pledge over gold security by selling the entire gold ornaments / security by way of auction and recover the dues owed by the borrowers to the Bank.

The auction will be conducted at the below mentioned branch/s on **12-02-2025 from 10:00 AM** onwards. In the event the auction of any pledged security cannot be conducted or concluded on the date mentioned, the Bank reserves the right to conduct or proceed with the said auction on any subsequent date and time.

| S No | Loan No | Borrower`s Name | Loan Amount | Place of Auction |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 75435864 | Sahina Praveen | 80000 | **HDFC BANK LTD,** 218, E-3, Kda Chauraha, Lal Bangla, Kanpur, Uttar Pradesh |
| 2 | 75246852 | Yasmeen Naaz | 50600 | **HDFC BANK LTD,** Ground & First Floor, Shweta Tower, 1 A/122-C, The Mall, Ppn Market, Kanpur, U.P 208001 |
| 3 | 74673625 | Deepak Singh | 110600 | **HDFC BANK LTD,** Ground Floor, A-6 , Anand Puram , P D Nagar Dist Unnao, U.P |
| 4 | 74675943 | Shivam Dwivedi | 22000 | |
| 5 | 74698255 | Priti Pal | 26000 | **HDFC BANK LTD,** Ground Floor, House No. 61, Jawahar Road, Bharthana. Distt.- Etawah, Uttar Pradesh |
| 6 | 75241612 | Saif Ur Rahman | 55300 | **HDFC BANK LTD,** H No.110, Arazi No.362.Jarauli, Karrahi Road, Karrahi, Kanpur, U.P |
| 7 | 74700195 | Sheelu Kushwaha | 29500 | **HDFC BANK LTD,** Malik Complex, M.G.Road, Kannauj, Uttar Pradesh |
| 8 | 74675133 | Santosh Raikwar | 43100 | **HDFC BANK LTD,** Moti Hotel Complex, Station Road, Mauranipur, Uttar Pradesh |
| 9 | 74675758 | Jwala Prasad | 38000 | |
| 10 | 74581772 | Ramu Dashrath Singh | 36000 | **HDFC BANK LTD,** Rail Mandi, Jaswant Nagar, Dist Etawah, U.P Jaswant Nagar, U.P |
| 11 | 74710257 | Rohit Ramsharan | 30800 | **HDFC BANK LTD,** House No 24/178, Bazaar Kala, Pargana & Tehsil -Chibbramau, Dist. - Kannauj, Uttar Pradesh |
| 12 | 74712139 | Ankush Yadav | 68400 | **HDFC BANK LTD,** 165/166, Gusainpura, Mangal Krishna Complex, Manik Chowk, Jhansi, Uttar Pradesh,284002 |
| 13 | 74716123 | Praveen Kumar | 65300 | **HDFC BANK LTD,** 3583, Main Road, Near Ram Nagar, Tiraha Chirgaon, Dist - Jhansi, Chirgaon, Uttar Pradesh,284301 |
| 14 | 74693340 | Deepak Singh | 26000 | |
| 15 | 74396299 | Piyush Sahu | 67100 | **HDFC BANK LTD,** 392, First Floor (Above Parking), Masiha Ganj, Sipri Bazar, Shivpuri Road, Jhansi, Jhansi, U.P 284003 |
| 16 | 75304415 | Rahul Yadav | 999000 | **HDFC BANK LTD,** 614/1/2/3, Katra Fateh Mamoor Khan, Old Arya Kanpur Road, Etawah, Uttar Pradesh, 206001 |
| 17 | 74700362 | Narendra Singh | 106000 | **HDFC BANK LTD,** 744, Cinema Chauraha, Lucknow Road, Hardoi, Hardoi, U.P 241001 |
| 18 | 74700314 | Gajraj Chandra | 31000 | |
| 19 | 74697992 | Atul Kumar Tiwari | 25000 | |
| 20 | 74691918 | Aman Kumar | 33600 | **HDFC BANK LTD,** Ground Floor , Near Allahabad Bank, Khutar Road, Vill Lukhanpur Post, Banda, Shahjahanpur Uttar Pradesh, Banda, U.P 242042 |
| 21 | 74692871 | Lekhraj Anokhelal | 28100 | |
| 22 | 74693630 | Dhirendra Singh | 41000 | **HDFC BANK LTD,** Ground Floor, Hotel Krishna, Residency, Mohalla Gandhi Nagar, Ward - Subash Nagar, Mahoba, Uttar Pradesh,210427 |
| 23 | 75253516 | Surabhi Singh | 178400 | **HDFC BANK LTD,** Kacchwaha Complex, 29 M Chak, Ahmedpur Nazool, Satya Nagar, Rae Bareilly, Rae Bareilly, Uttar Pradesh, 229001 |
| 24 | 74701728 | Amjad Ali | 77700 | |
| 25 | 75049400 | Shalim Musakir | 61000 | **HDFC BANK LTD,** Manik Complex, 5434, Mohalla Patel Nagar, Raj Marg, Orai, Uttar Pradesh, 285001 |
| 26 | 75100971 | Shalim Mushakir | 56100 | |
| 27 | 74698610 | Karan Veer | 38000 | |
| 28 | 74656990 | Pooja Beerendra Pratap | 25000 | |
| 29 | 74697333 | Devesh Kumar | 34000 | **HDFC BANK LTD,** Zila Panchayat Campus, Near Vikas Bhavan, Fatehgarh, Farrukhabad , U.P,209601 |

The auction shall be conducted on an "AS IS WHERE IS"and the "AS IS WHAT IS" basis and the Bank is not making and shall not make any representations or warranties as regards the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments. It shall be the sole and absolute responsibility of the potential purchasers to verify, examine and satisfy themselves about the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments prior to placing their bids and for such purpose it shall be open to potential purchasers to examine, at their sole cost and expense, and at the address set out hereinabove, the gold ornaments whether with or without expert advice 45 minutes prior to the time stipulated for the conduct of the auction. All bids shall be subject to such minimum reserve price as the Bank may deem fit to fix in this regard. The auction value will be based on the closing price of gold as per IBJA (India Bullion and Jewellers Association Ltd.) on the previous day. The auction process and the sale (if any) pursuant to such auction shall be subject to such further terms and conditions as the Bank may at its sole discretion deem fit to impose. If the borrower(s) mentioned above pays the amount due to the bank in terms of the Loan agreement in his individual loan account in full before the auction as mentioned above, the pledged ornaments securing the said loan may be withdrawn by the bank from the said auction without any further notice. Please note that it is the absolute discretionary power of the undersigned authorized officer of the Bank, either to postpone or to cancel the auction proceedings without prior notice and without assigning any reason therefore and to reject any or all the bids or offers without assigning any reason for the same.

Date : KANPUR Place : 05.02.2025 **Sd/- Authorized Officer HDFC BANK LTD.**



**कानपुर सिनेमा**

मोतीमहल 2352552 तारीख 3 से रोजाना 3 शो
एक लम्बे अर्से के बाद जबरदस्त मारधाड़ एक्शन रोमांस एवं मधुर गीतों से भरपूर फिल्म
**मै हूँ फाइटर मैन**
पात्र–गोपी चन्द, राखी मेखुला, जगपती बापू, आशीष विद्यार्थी, छाया जी शिन्दे आदि

DELITE BIG SCREEN CINEMA DIGITAL PICTURE DIGITAL SOUND AIR COOLED big screen
ता. 31 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
सोनू सूद जैकलीन फर्नांडीज विजय राज नसरूद्दीन शाह दिव्यांशू भट्टाचार्या रोजाना 4 शो
**फतेह**
Show : 12.30, 3.30, 6.30, 9.30

सपना पैलेस Mob.: 9721142942 AIR-CONDITIONED THE MALL, KANPUR DOLBY DIGITAL UFO PICTURE
ता. 31 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
एडवांस बुकिंग 4 शो की 11 बजे से सायं 5 बजे तक
**हॉंग कॉंग वॉरियर्स**
लूई कू, सैम्मी हंग, टेरेंस लाउ, फिलिप एनजी, रेमंड लैम एरोन कोक, रिची जेन, सीसिलिया चोई, टोनी वू, मैन किट चेउंग
Show: 10 am, 12.30, 3:30, 6.30, 9.00 pm
सिनेमा हाल में पान मसाला, बीड़ी व सिगरेट व तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।

नावेल्टी सिनेमा लाटूस रोड, मूलगंज, कानपुर AIR CONDITIONED DIGITAL SOUND DIGITAL PICTURE ता. 31 से भव्य प्रदर्शन
रोजाना 4 शो
**हॉंग कॉंग वॉरियर्स**
Show : 12.30, 3.30, 6.30, 9.30
लूई कू, सैम्मी हंग, टेरेंस लाउ, फिलिप एनजी, रेमंड लैम, एरोन कोक, रिची जेन, सीसिलिया चोई, टोनी वू, मैन किट चेउंग

नवरंग सिनेप्लेक्स BIRHANA ROAD DOLBY DIGITAL 7.1 AIR CONDITIONED SURROUND SOUND
ता. 31 जनवरी से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
• उन्नी मुकुंदन • कबीर दुहन सिंह • युक्ति थरेजा • सिद्दीकी • रियाज खान • जगदीश
रोजाना 4 शो **मारको**
GOLD 110/-,SILVER 80/-
Show Time : 12.30, 3.30, 6.30, 9.30 pm
सिनेमा हाल में पान मसाला, बीड़ी व सिगरेट व तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।

एयर–कूल्ड गुंजन 2523435 DOLBY DIGITAL ता. 31 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
• उन्नी मुकुंदन • कबीर दुहन सिंह • युक्ति थरेजा • सिद्दीकी • रियाज खान • जगदीश
रोजाना 4 शो **मारको**
Show : 12.30, 3.30, 6.30, 9.30 हिंदी में

लाल पैलेस में 70 M.M. बारादेवी चौराहा 8887463953 ENJOY DIGITAL CINEMA DIGITAL SOUND एयरकण्डीशण्ड
ता. 31 अखिल भारतीय महान उद्घाटन
शाहिद कपूर पूजा हेगड़े कुब्रा सेत पावेल गुलाटी परवेश राना रोजाना 4 शो
**देवा**
Show : 9.45 am, 12.30, 3.30, 6.30

2453527 जुगुल पैलेस A.C. DOLBY DIGITAL JBL PROFESSIONAL LAZER PROJECTOR ता. 31 से शानदार प्रदर्शन
रोजाना 5 शो Spl.Mor 08.30 Mor. 11.00 Noon 01.30 Mat 04.15 Eve. 06.45
अब मूवी देखें सिर्फ रु. 30/- में
**आजाद**
अजय देवगन, राशा थडानी, मोहित मलिक, डायना पेंटी, पियूष मिश्रा, डायलन जोन्स

श्याम पैलेस जूही बारादेवी रोड AIR CONDITIONED DIGITAL SOUND DIGITAL PICTURE 2nd Week Running Successfully
सारा अली खान अक्षय कुमार वीर पहाड़िया निम्रता कौर बोगुमिला बुबियाक रोजाना 5 शो
**स्काई फोर्स**
Show: 10.15 am, 12.30, 3.30, 6.30, 9.15 pm

सरस्वती टाकीज DOLBY DIGITAL JBL PROFESSIONAL DIGITAL PICTURE
ता. 31 से अखिल भारतीय महान उदघाटन
Show 12.15 03.15 06.15 09.15 रोजाना 4 शो
**करन अर्जुन**
शाहरूख खान, सलामान खान, राखी, काजोल, ममता कुलकर्णी, अमरीशपुरी, जॉनी लीवर
सिनेमा हाल में पान मसाला, बीड़ी व सिगरेट व तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।


# 51 वर्ष का हुआ कानपुर प्राणि उद्यान


केक काटकर स्थापना दिवस का शुभारंभ करती इलमा।

कानपुर, 4 फरवरी। कानपुर प्राणि उद्यान ने मंगलवार को अपना 51वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह का शुभारंभ लखनऊ से अपने माता-पिता के साथ चिड़ियाघर घूमने आयी एक वर्ष की बज्ची इलमा ने केक काटकर किया। वहीं केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने विशाखापट्टनम से वन्यजीवों को लाने की अनुमति देकर तोहफा दिया है। मौसम सामान्य होते ही नए वन्यजीवों को यहां लाया जाएगा। इस समय चिड़ियाघर में करीब 1240 वन्यजीव मौजूद हैं। हालांकि उम्र पूरी कर चुके कुछ जीवों को इस वर्ष खोने का मलाल भी प्रबंधन को है। प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग सिंह ने बताया कि शुरुआत के समय यहां कुछ ही जानवर थे लेकिन आज 20 से अधिक तेंदुआ, पांच बाघ, दो गेंडा, दो जेब्रा, चार बब्बर शेर, चार वलाबी (कंगारू जैसा दिखने वाला जीव) और एक हजार से अधिक छोटे-बड़े जानवर दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। डॉ. अनुराग सिंह ने बताया कि केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने विशाखापट्टनम से वन्यजीवों को लाने की अनुमति दे दी है। अभी दिन और रात के तापमान में काफी अंतर है। मौसम सामान्य होने के बाद विशाखापट्टनम से काला हंस, कांकड़, ढोल, हाइना, भेड़िया, स्टार कछुआ, ल्यूटिनो पैराकीट एवं हरी छिपकली जैसे दुर्लभ जीवों को यहां लाया जाएगा। 52वीं वर्षगांठ से पहले पवन को नया साथी (मादा गेंडा) मिलेगा। चिम्पैंजी को भी यहां लाये जाने की बात चल रही है। समारोह में प्रमुख रूप से मुख्य वन संरक्षक/निदेशक कृष्ण कुमार सिंह, प्रभारी निदेशक दिव्या, क्षेत्रीय वन अधिकारी नवेद इकराम, आयुष त्रिपाठी, विश्वजीत सिंह तोमर, जितेंद्र कुमार हंस एवं सुरजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

**सोल्लास मना स्थापना दिवस, एक वर्ष की बच्ची ने काटा केक**